SHRI DATTATRAYA KUNTE: With all respect to the Business Advisory Committee, I must say that they had not understood the implications of what this Bill had stood for.

At one stage, the State was feeling that it must be left to hand-pounding only. The hon. Minister has referred to certain things. I would like to know whether he has referred to the report of the study group on the Khadi and Village Industry for the Fourth Plan. I happened to be a member of that study team. In our report we had advised that such machines should be kept in the villages themselves where every villager who wants to pound his paddy will take to that machine, use the machine himself, use the power himself and do it himself so that he will get all the benefits, he will pay the actual cost and all the produce will come to him. I am afraid, the Minister has not seen that recommendation. Hand it over to the *gram panchayat.*

Now, the question arises; because my hon. friend for the Bihar agriculturists has posed a very cogent question and I also stand for agriculturists, whether we should have co-operatives of agriculturists or not. We should have.

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak): Gradually.

SHRI DATTATRAYA KUNTE: Why not? We need not make it very gradual. Because of the gradualness of this Government since 1947 the cotton mill industry is there and this gradualness will take us another century. I am not with Chaudhuri sahib in this; I am very much in a hurry.

MR. CHAIRMAN: I would request the hon. Member to conclude now. Many hon. Members, almost of all the parties, are there to speak.

SHRI DATTATRAYA KUNTE: Therefore I really want the co-operatives to come in.

Now, let us see what is to happen to the co-operatives. Mostly they buy the new machinery? Who is going to produce that machinery and what is to be done to the existing machinery?

MR. CHAIRMAN: The hon. Member must realise that I am requesting him to conclude and many other Members are there on the list of speakers. Please conclude now.

SHRI DATTATRAYA KUNTE: I must make a point. If I am wasting the time of the House, I should be ordered to sit down. I have not taken longer time. I am raising it point by point.

MR. CHAIRMAN: You have taken 20 minutes now and 5 minutes before Lunch.

SHRI DATTATRAYA KUNTE: I have.

SHRI RANDHIR SINGH: My goodness, half an hour!

SHRI DATTATRAYA KUNTE: Yes.

I was talking of the co-operatives. I am absolutely in favour of the farmers' co-operatives, but let these not be joint stock companies registered under the Co-operative Societies Act as many of the co-operative sugar mills are; let them be real co-operatives. I am for them because I am a representative of the rural people and I stand by them.

Then, there are a number of mills in this country which are in existence. What is to happen to them? Are they going to scrap them? If they are going to be scrapped, so much national money will be wasted. Let Government openly say that; let them not call it damaged machinery. By little improvement the production can come from 62 per cent to 68 per cent. These mills can work. Let the Government take over all those mills and hand them over to the co-operatives of agriculturists so that they will get them at cheaper prices and they need not pay higher prices for the new mills. Then the agriculturists will benefit. I stand by it but not in the sense the hon. Minister wants to do it.

SHRIMATI ILA PAL CHAUDHURI (Krishnagar): Madam Chairman, I warmly welcome this Bill because this Bill is really to help the agriculturists. What is this Bill for? It is to make milling more effective, to put the mills where they are needed so that the paddy can come to the mills and thus help the agriculturists. So, the Bill is very good in its own way, but there are one or two things that I would like to bring to the notice of the hon. Minister if I may be permitted to do so.

In 1966 I understand four plants were ordered and two big buildings to house these plants were started. Now we do not know whether those four plants have gone into action and whether those buildings have been completed. These were supposed to be new plants. Had that been done, much of this problem would have been solved and we would have had mills that are quite new. I do not know the position and I would like some clarification on that.

The hon. Minister has himself said that we would have some kind of Japanese machinery.

In Japan, I have seen that there is some machinery in the milling process that can mill the rice to the extent that it does not spoil its nutritive value. I would like to ask whether we are going to import such machinery or manufacture such machinery that will keep the nutritive value of the rice in tact even though it is milled. This is another clarification I would like to have from the hon. Minister.

There are one or two points more that we have to think about; when we are thinking of rice and its wastage. In the old mills, of course, with the outmoded machinery, much is wasted and we have to guard against this waste. But there is also another kind of waste which; I wonder, if we have thought of and that is how much the rats eat? In Burma, they have had a research and they found that the fruit of the Lantana plant has a terriffic effect on the breeding of rats. They went into this research because there was the incidence of plague. Could we not get some data about this because we have plenty of Lantana plants in India and those could be destroyed and lakhs of rats would not breed, so that much wastage could also be eliminated?

While we develop the country and mechanise the country, when we take it on from one step to another. I hope the cooperative sector will, certainly, come in and the farmers will get every chance because that is one way of getting the economics of agriculture into some sort of a shape and giving them some hope for the future. Within the last 10 years, as regards sugar cooperatives, almost 85 have been licensed and they are working very well.

There is no reason why the cooperatives, when constituted by farmers who really know the business, should not flourish. The cooperatives are institutions that we want to see flourishing. I do not know why my hon. friend opposite objects to co-operatives.

I would like to point out one thing more. When we go in for mills, let us not eliminate hand-pounding of rice. In this Bill, there is no mention of any protection to the hand-pounding of rice as there was in the old Act. I would like to be assured about that. If I may just bring to the notice of the House, it is a very cogent question because hand-pounding, as you know, employs in West Bengal alone 12 lakhs of people, the mills employ 30, 884 people and the small hullers employ 10,000 people. Of these 12 lakh people it is, mostly women who are engaged in the hand-pounding of rice. In the hand-pounding of rice, the nutrition is there and the avenue of employment is also there. I hope that avenue of employment will be protected and the women given a chanc to earn their living by which the economy, at least, in West Bengal and in places where the ratio of women working outside the home is small, is maintained.

With these words, I welcome the Bill and I hope the hand-pounding industry will be given the protection that it has enjoyed before.

SHRI S. K. SAMBANDHAN (Tiruttani): I welcome some of the provisions of the Bill. Before dealing with those provisions, I would like to ask the Government whether they think that the consideration of this Rice Milling Industry (Regulation) Bill is at all necessary. The Government, very recently, has de-licensed some 48 industries—this is what they have said in answer to a Question just two days before—including the manufacture of power alchohal.

The rice milling industry, if we go into the basis of that, is, more or less, a village industry or a cottage industry spread over each and every nook and corner of town, village and even the remotest part of the country. If we look at it from that angle, It is village industry or a cottage industry. Is it necessary that such a cottage industry should have so much of control even in these days when the Government is de-licensing bigger industries? I know many cases, in many States, where the people apply for licences and their applications have been delayed and many people have spent thousands of rupees for getting licences to establish small rice milling mills. With those difficulties is it necessary still to continue such regulations? I hope the Government will think over this, if not now, at least after passing this Bill.

Coming to the provisions of the Bill, I quite agree that preferences should be given to co-operative and public sectors. But as it is, almost all the State Government who are implementing the provisions of this Act are showing preferences even without any mention in the present Act. As a matter of fact, in our own State one big co-optrative undertaking, Modern Mill, has come into being recently, one of two months before. Such big rice mills cannot nowadays be established by the private sector and it is only open to the co-operative and public sectors to establish such mills. So. there is no need for such a provision to be there. Anyhow, in spite of that, I welcome it.

SHRI ANNASAHIB SHINDE: The State Government cannot do unless they have these powers.

SHRI S. K. SAMBANDHAN: As it is they have been showing preferences to co-operatives others. Two years back, before the last General Elections. I may say this for the information of the hon. Minister—hundreds of applications made three or four or five years ago were pending in the State of Madras. So, such difficulties were also there. In spite of that, some other people were

[Shri S. K. Sambandhan]

given licences. So also co-operative institutions and public sector organisations can be given without there being a provision to this effect. Anyhow I quite welcome showing preference to co-operative and public sector undertakings, but it should not in any way inconvenience a reasonable demand from the private sector also, particularly from the people in the villages. In the villages this gives more employment to the villagers, particularly in the villages near about the industrial belts. For instance, in our State, near Neiveli in so many villages new rice mills have come up. The licences for these mills, I may tell the hon. Minister, were obtained from the then Government after much difficulty; people had to use their influence with the then Government of Madras.

Now I come to the penal clause. I am a man who stands for stringent punishment to whosoever violates the law. Here I quite welcome some of the penal provisions, but the penal provision of confiscating the machinery is, in my opinion, too much... *(Interruptions)*

SHRI RANDHIR SINGH: If such action is not taken, the malpractices will continue.

SHRI S. K. SAMBANDHAN: You may oward the punishment of imprisonment for one or two years, but you should not deprive the family of its property; confiscation of the machinery will deprive the family of its property. That is too much.

श्री हेम राज (कांगड़ा) : सभापति महोदय, जो बिल इस समय सदन के सामने पेश हुआ है, इस के असूलों से मेरा कोई इखतलाफ नहीं है, लेकिन जिस वक्त यह एक्ट 1958 में पास हुआ था उस के मुताबिक यह सिर्फ राइस मिल्ज़ को एप्लाई करता था, लेकिन अब इस में स्माल हलर्स को भी जोड़ दिया गया है । मुझे इस बिल की किसी और चीज पर आपत्ति नहीं है, सिर्फ इस के क्लाज 3 (ए) पर आपत्ति है । मैं समझता हूं कि आज जब गांवों में थोड़ा पैसा आना शुरू हुआ है तथा ज़मीदार भाई गांवों में छोटी छोटी मशीनें लगाने लगे हैं, जिस तरह से यह बिल पेश हुआ है, इस के मन्जूर करने के बाद नतीजा यह होगा कि उन सब को भी लाइसेन्स लेना पड़ेगा । इन छोटी छोटी जगहों पर किसान चावल तोड़ने के लिये धान लाते हैं, लेकिन वहां पर किसी समय काम होता है और किसी समय नहीं होता है, इस नये कानून के मुताबिक अगर कारखाना बन्द रहेगा तो उस का लाइसेंस कैन्सिल हो सकता है और उस स्थिति का लाभ उठा कर लाइसेंस का जो इंस्पैक्टर, वह खाना शुरू कर देगा । इस के अलावा किसी वक्त अगर उनकी मशीन न चले तो वह जमानत और जुर्माना का भी मुस्तहक हो जायेगा, छोटे हलर्स के लिये कानून में इस तरह का प्रावीज़न करना ठीक नहीं है । एक और प्रावीज़न इस बिल में है—चाहे स्माल हलर हो, बिग हलर हो या राइस मिल हो, इन सब को सज़ा एक जैसी दी जायेगी, अगर उस पर 10 हजार रुपये जुर्माना कर दिया गया, तो मैं समझता हूं कि इतनी तो उस की पूंजी भी नहीं होगी ।

जहां तक पहाड़ों का सम्बन्ध है, मिनिस्टर आफ स्टेट हमारे इलाके में हो भी आये हैं, मिलें दो तरह की पावर से चलती हैं । एक तो इलैक्ट्रिसिटी या आयल की पावर से चलती हैं और दूसरी वे मिलें हैं जो वाटर की पावर से चलती हैं । हमारे यहां पहाड़ों में ज्यादातर मशीनें वाटर की पावर से चलती हैं, ऊपर से पानी फेंकते हैं और उस का नतीजा यह होता है कि मशीनें चल जाती हैं यानी जिस तरह से बिजली से मशीनें चलती हैं, उसी तरह से हमारे यहां पानी के ज़रिये से चलाई जाती हैं । इस बिल में पावर के प्रावीज़न का नतीजा यह होगा कि हमारे यहां गांवों में ज. छोटी छोटी इण्डस्ट्रीज़ चली हुई हैं, इण्डस्ट्रीज क्या हैं, गांव का काम

करती हैं, वे सारी की सारी इस कानून के अन्तर्गत आ जायेंगी और इस में दी गई हर सजा की मुस्तहक हो जायेंगी । मैं, सभापति महोदय, मिनिस्टर साहब की नोटिस में दो चीजें लाना चाहता हूं—अव्वल तो यह कि "एंड आफ पावर" शब्द को क्लियर किया जाना चाहिए, जो वाटर की पावर से चलती हैं, उन को इस में नहीं लाना चाहिये । दूसरे—हमारे यहां पहाड़ों में पहले बिजली नहीं थी, लेकिन आहिस्ता आहिस्ता अब आनी शुरू हो गई ह, कई जगहों पर बिजली का इस्तेमाल शुरू हो गया है, लेकिन उन का काम बहुत छोटा है, हर वक्त उन के पास काम नहीं होता है, इस लिये जो स्माल हलर्स हैं उन का समावेश इस में नहीं होना चाहिये ।

तीसरी चीज—दोनों के लिये जो सजा बराबर बराबर रखी है, यह स्माल हलर्स के लिये कम होनी चाहिये । मौजूदा प्रावीजन से देहातों का फायदा होने वाला नहीं है, इस से नुकसान होगा । आप जो भी राइस मिलें लगवाना चाहते हैं उन को कोआपरेटिव सैक्टर में लगवाना चाहते हैं, यह बहुत अच्छी चीज है, इस से जमीदारों को फायदा होगा, लेकिन जहां स्माल हलर्स हैं उन का इस बिल में समावेश नहीं होना चाहिये । जो वाटर पावर से चलती हैं, उन के लिये बिलकुल छूट होनी चाहिये ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं ।

श्री सरजू पाण्डेय (गाजीपुर) : अध्यक्षा जी, जो बिल सदन के सामने आया है इस के सम्बन्ध में कई माननीय सदस्यों ने विभिन्न विचार व्यक्त किये हैं। पिछले दिनों मुजफ्फरनगर में कांग्रेस का महाधिवेशन हुआ था। उस जमाने में कांग्रेस के लोगों ने यह निर्णय लिया था कि अब हमारा राष्ट्रीयकरण की ओर कदम उठेगा और उस में राइस मिलों का प्रथम स्थान था तथा इस बात का सारे देश में प्रचार किया गया कि राइस मिलों का सब से पहले राष्ट्रीयकरण किया जायेगा। इस बात को चार पांच साल गुजर गये, जिस तरह से सरकार के और वायदे खत्म हो जाते हैं, उसी तरह से यह संकल्प भी खत्म हो गया और रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया ।

इस समय सदन के सामने जो बिल आया है, मैं भी समझता हूं कि बुनियादी तौर पर इस का कोई विरोध नहीं है, मगर मैं यह कहना चाहता हूं कि आप जब भी कोई कानून बनाते हैं तो हमेशा इस दृष्टि से बनाते हैं कि बिजनेसवालों की सुरक्षा कसे होगी। पहले आपने इस बात की कोशिश की कि नई मिलें लगाई जायें, इसके लिए इस बिल में प्रावीजन किया गया, लेकिन इस के साथ ही साथ आपने यह प्रावीजन भी कर दिया कि वे छोटे-छोटे लोग जो हलर लगायें उनको भी लाइसेंस लेना पड़ेगा। बहुत दिनों तक सरकार लाइसेंस नहीं देती थी और उसका कहना था कि अगर छोटे-छोटे लोगों को लाइसेंस दिये जायेंगे तो जो हम चावल का प्रोक्योरमेंट करते हैं वह नहीं हो पायेगा और वह ब्लैक मार्केट में चला जायेगा । इसी आधार पर छोटे हलर पर काम करने वालों को लाइसेंस देने की पालिसी नहीं रही जबकि वास्तव में जितना ब्लैक मार्केट होता है वह सब मिल मालिकों की तरफ से ही होता है।

एक बात यह कही गई है कि जो लाइसेंस दिये जायेंगे वह इस ऐक्ट के नाफिज होने के बाद से दिये जायेंगे । जिनको गावों का तजुर्बा है उनको मालूम होगा कि गावों में हजारों लोगों ने छोटे-छोटे हालर लगा रखे हैं, वे इन्सपेक्टर्स को घूस देकर अपने हालर चलाते हैं और धान की कुटाई करते हैं । इन्सपेक्टर्स का मंथली पैसा बंधा हुआ है, वे आते हैं, और पैसा ले जाते हैं। सरकार की नोटिस में यह बात नहीं आती है कि धान की कुटाई हो रही है। अब अगर आप इस ऐक्ट के नाफिज होने के बाद से लाइसेन्स देंगे तो उसका मतलब यह होगा कि इतने दिनों से जो हालर लगाए

[श्री सरजू पाण्डेय]

बैठे हैं उनको लाइसेंस नहीं मिल पायेगा। या तो फिर आप पावरलूम की तरह से समय निर्धारित कर देते कि फलां तारीख से जिन्होंने पावरलूम लगा रखे हैं उनको लाइसेंस दे दिया जायेगा तब भी बात कुछ समझ में आ जाती। अगर इस ऐक्ट के निफाज से देने की बात रहेगी तो फिर घूसखोरी और ज्यादा जारी होगी। आजकल तो वैसे भी कोई लाइसेन्स लेना आसान नहीं है। यह बात तो सभी को मालूम है कि आज अगर किसी छोटे दुकानदार को कड़ुआ तेल का भी लाइसेंस लेना है तो जितनी उसकी फीस नहीं होती है उससे तीन गुनी घूस इन्सपेक्टर को देनी पड़ती है। इस बिल के जरिए से तो आप घूस की एक और नयी परम्परा जारी कर रहे हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं, जैसा कि कई और माननीय सदस्यों ने कहा है, आप देश के साथ बहुत बड़ा खिलाफी करते रहे हैं, अब आप इन मिलों को अपने हाथ में लीजिये और डरिये मत कि मिल मालिक क्या करेंगे, आपको खा जायेंगे या क्या करेंगे, वे कुछ भी नहीं कर सकते हैं। आज देश का जनमत यह चाहता है कि आप मिल मालिकों से इन राइस मिलों को अपने हाथ में लीजिये।

दूसरी बात यह है कि आप कोआपरेटिव्ज को तरजीह दीजिये। हालांकि कोआपरेटिव्ज की भी वही हालत है, यही लोग वहां भी पहुंचते हैं। कोआपरेटिव्ज ने भी कोई अच्छा प्रमाण देश के सामने उपस्थित नहीं किया है। लेकिन फिर भी अगर आप कोआपरेटिव्ज को दें, कुछ हद तक यही ठीक है। इसके साथसाथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आप इस बिल को इस तरह से अमेन्ड करें जिससे यह सम्भव हो सके कि जिन छोटे-छोटे आदमियों ने अपने हालर लगा रखे हैं उनको भी लाइसेन्स मिल सके। आज तो जिन इलाकों में धान होता है वहां के लोग या तो मिलों के पास अपना धान बेचने के लिए मजबूर होते हैं या फिर चोरी से कुटाई करते हैं। आप को चाहिये कि उनके हालर्स को रेगुलर करने के लिए इस बिल में जरूर कोई व्यवस्था करें ताकि उन को भी काम मिल सके। आप को चाहिये कि गावों में इस प्रकार के कार्य को बड़े पैमाने पर बढ़ायें। छोटे उद्योगों को तरजीह देने की नीति आपकी होनी चाहिये। लेकिन इसके बजाए आम तौर से सरकार की नीति यह होती है कि छोटे उद्योगों क दमन किया जाए और बड़े उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये जबकि सरकार की ओर से कहा यही जाता है कि हम छोटे उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस लिए मैं आप से निवेदन करूंगा कि जिन इलाकों में धान होता है और जहां पर इस प्रकार के हालर लगे हुए हैं, उनके लिए आप ऐसी व्यवस्था करें कि बिना घूस दिये उनको आसानी से लाइसेन्स मिल जाये और वे चल सकें। अन्त में मैं फिर आपसे अपील करूंगा कि राइस मिलों को आप अपने हाथ में लीजिये क्योंकि आज मुनाफाखोरी बढ़ती जा रही है और साथ साथ गरीबी भी बढ़ती जा रही है। उससे जो पैसा आयेगा वह देश के काम में लगेगा। हालांकि सरकार के हाथ में आना भी कोई अच्छी बात नहीं है लेकिन मिल मालिक तो 16 आने खा जाते हैं, यहां कम से कम आठ आने तो मुल्क के काम आयेगा। इसके साथ ही मैं अपनी बात सामाप्त करता हूं।

श्री देवराव पाटिल (यवतमाल) : सभापति महोदय, किसानों के लाभ की बात हर पार्टी के सदस्य करते हैं लेकिन जब किसानों के हित की कोई योजना आती है तो उसका विरोध होता है। जैसाकि बिल के उद्देश्यों में दिया गया है और जैसा कि मन्त्री जी ने अपने भाषण में बतलाया है, कि बिल किसानों को राइस मिल स्थापित करने का अधिकार देता है, मैं उसका स्वागत करता हूं। इस

सदन में उद्योगों के राष्ट्रीयकरण और स्टेट ट्रेडिंग को माना है। बिल के ऊपर आने से पहले में यह बता दूं कि तीन साल पहले कांग्रेस द्वारा भुवनेश्वर में रेजोल्यूशन पास करने के बाद आज सरकार राइस मिल्स से सम्बन्धित नीति के ऊपर यह बिल लेकर आई है, इसके पहले प्राईवेट राइस मिल्स को काफी मौका दिया गया है। आज वास्तव में अगर देखा जाये तो ऐसा मालूम होता है कि जो चीनी का उद्योग है उसी के लिए सरकार ने कुछ किया है लेकिन धान कुटाई उद्योग के संबंध में सरकार ने कुछ नहीं किया है। इस बिल से जरूर किसान को कुछ लाभ मिल सकता है। अभी तक राइस मिल्स से जो लेबी ली जाती है वह उनसे न लेकर जब कोआपरेटिव मिल्स बन जायेंगी तो उनसे लेवी ली जायेगी। इस प्रकार से जो एक मिडिल-मैन है वह निकल जायेगा। इससे किसान को भी लाभ होगा। अगर देखा जाए तो आज तक राष्ट्रीय विकास निगम ने 470 छोटी चावल मिलों तथा 5 आधुनिक चावल मिलों की स्थापना करने के लिए सहयोग दिया है। यानी बीस साल में सिर्फ 5 आधुनिक चावल मिलों को स्थापना के लिए सहयोग मिला है। सबसे उल्लेखनीय बात तो यह है कि सहकारी क्षेत्र में चीनी कारखानों में बड़ी अच्छी प्रगति हुई है। मैं इसमें अधिक नहीं जाना चाहता लेकिन यह बताना चाहता हूं कि चौथी योजना में विभिन्न प्रकार की लगभग 1500 प्रोसेसिंग मिल्स की स्थापना करने का प्रस्ताव है। इसमें से धान की कितनी प्रोसेसिंग मिल्स केन्द्र संचालित हो जायेंगी, इसका जिक्र नहीं किया गया है। जो चीज शुरू होने वाली है उससे प्रगति तो होगी, इसमें कोई शक नहीं है। इसमें यही कहा गया है कि सारी नीति और उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इसमें काफी प्रगति की जायेगी। मैं यही कहना चाहता हूं कि बिल के उद्देश्य और घोषणा के अनुसार आप कोआपरेटिव्ज को स्थापित करके राइस मिल्स खड़ी करें लेकिन आज तक का अनुभव यह है कि कोआपरेटिव मूवमेंट में छोटे किसानों को कोई फायदा नहीं मिलता है। डेफनीशन में दिया गया है इसलिए मैं कह रहा हूं कि कम से कम जो प्रोड्यूसर्स हैं उनकी कोआपरेटिव सोसाइटीज बननी चाहिये क्योंकि अगर यह नहीं किया गया तो जो छोटे किसान हैं उनको कोई फायदा नहीं मिलेगा। भुवनेश्वर का जो रेजोल्यूशन है उसमें कहा गया था :

It is written in that that the worker should be associated with the management of the industry in such a way that rapid progress in this sphere could be achieved. This should enable the workers to have a sense of participation in the industry and to achieve maximum production.

इस बात का इसमें कोई दर्शन नहीं होता है। मेरा सुझाव है कि जो कुछ फार्मिंग सोसाइटीज बनेंगी उसमें जो वर्कर्स या एग्रीकल्चरल लेबर्स काम करते हैं उनको भी शेयर मिलना चाहिये।

इसके अलावा एक बात है जिसकी तरफ और माननीय सदस्यों ने भी ध्यान आकर्षित किया है वह यह है कि आज जो हालर्स लगे हुए हैं उनका काम भी कम हो जायेगा तो उसकी तरफ भी शासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। इसका कारण यह है कि जहां पर पैडी का थोड़ा उत्पादन होता है वहां पर, जिस तरह से लोग फ्लावर मिलों में गेहूं लेकर जाते हैं, उसी प्रकार से लोग पैडी लेकर जाते हैं। दिन भर खेत पर काम करने के बाद शाम को उनको जो पैडी मिलती है उसको हालर की तरफ राइस बनवाने के लिए जाते हैं। इस प्रकार के हालर्स देहाती में बहुत बने हुए हैं। मुझे डर है कि इस कानून के मातहत नये हालर्स नहीं बनेंगे यानी कृषक हालर्स नहीं लगा सकेगा, केवल कोआपरेटिव सोसाइटीज ही लगा सकगी। इसलिए मेरा कहना है कि जहां पर पैडी का थोड़ा प्रोडक्शन होता है और लोगों को अपने खाने के लिए राइस बनवाना पड़ता है, उसके लिए जैसे हालर्स की जरूरत होती है उनको एग्जेम्शन मिलनी चाहिये। आपने इस

[श्री देवराव पाटिल]

बिल के ऑबजैक्टस ऐंड रीजेंस में कहा है कि राइस मिलों की स्थापना के लिए पबलिक सैक्टर अंडरटेकिंग्स जैसे कि फूड कारपोरेशन आफ इंडिया को और फार्मर्स द्वारा बनाई हुई रजिस्टर्ड कोआपरेटिव सोसाइटीज को परमिट्स दिये जायें। आप ने स्टेटमेंट औफ औबजैक्ट्स ऐंड रीजेंस में यह कहा है :

"There has been a growing public demand that the rice mills in the country should be brought progressively under co-operative or State management."

इसमें आप ने पहले कोआपरेटिव कहा है और तब स्टेट मैनेजमेंट कहा है लेकिन बिल को अगर देखा जाय तो आप को पता लगेगा कि फर्स्ट प्रायरटी, प्रीफेंस जो दिया गया है वह स्टेट को दिया गया है और नम्बर 2 यह कोआपरेटिव को दियाा गया है।

पेज 3 पर यह दिया गया है :

"....Government company or a corporation owned or controlled by the Government over every other applicant."

मेरा कहना है कि जैसा स्टेटमेंट औफ औबजैक्ट्स ऐंड रीजेंस में दिया गया है पहले नम्बर पर कोआपरेटिव को रहना चाहिये और तब स्टेट रहना चाहिये। इसके कई कारण हैं लेकिन चूंकि वक्त नहीं है इस लिए मैं उस में इस समय नहीं जाना चाहता कि स्टेट को क्यों नहीं पहले देना चाहिये और कोआपरेटिव को क्यों पहले देना चाहिये। उसका मुझे काफ़ी अनुभव हुआ है और प्रोक्योरमेंट रेट को देखा जाय और मार्जिन आफ प्राफिट को अगर देखा जाय तो मेरी बात सहज ही समझ में आ जायेगी और इसी लिए मैं चाहता हूं कि कोआपरेटिव को देना चाहिये। धन्यवाद।

श्री **महाराज सिंह भारती** (मेरठ) : सभापति महोदया, मंत्री जी खुद किसान हैं और बोलने वालों ने भी ज्यादातर इस बात पर जोर दिया है कि वह किसान हैं। मैं भी किसान हूं लेकिन आप से मेरी राय बहुत सी जगह भिन्न है। यह जितनी बहस हो रही है यह जो मार्केटबुल सरप्लस धान है सारी बहस उसकी हो रही है। वह कितना है, मंत्री जी अपने भाषण में अगर बता देंगे तो उन की बड़ी मेहरबानी होगी लेकिन मेरी राय में कुल पैदावार का वह 10 फ़ीसदी से ज्यादा नहीं है। यह जो बकाया रह जाता है मार्केटबुल सरप्लस, उस 90 फीसदी पैदावार का क्या होगा? उस का कैसे चावल निकलेगा इस पर व्यवहारिक दृष्टिकोण से हम को सोचना पड़ेगा।

चाहे आप किसान की कोआपरेटिव मिल लगा लीजिये, चाहे प्राइवेट हो चाहे सरकारी हो, उसे बड़े पैमाने पर चलाने के लिए इसी तरीके से होता है जैसे कि फ्लोर मिल होती हैं और गेहूं का आटा और मैदा बड़े पैमाने पर वहाँ तैयार होता है लेकिन इतने पर भी हर गाँव में चक्की क्यों लगी हुई हैं? उस का कारण यह है कि चक्की में पाँच किलो गेहू पिसवाने पर जो उस को पैसा देना पड़ता है वह इतना कम होता है कि उस पैसे को वह गरीब आदमी आसानी से दे सकता है। अपने गाँव की औरतों से जब मैंने पूछा कि तुम अपने घर में क्यों नहीं पीस लेती हो तो उन्होंने कहा कि हम जितनी मेहनत करके चक्की में पांच किलो गेहूं पीसेंगे उतने में हम डेढ़ रुपये की घास ले आयेंगी। जोकि हमारे दूध के जानवर के लिए अच्छा रहेगा। पांच किलो गेहूं चक्की से पीसना एकोनामिकली गलत है क्योंकि बिजली से घास तो नहीं खुद सकती है लेकिन यह पिस सकता है। जिस तरह से आटे की चक्कियां हैं उसी तरीके से चावल की छोटी-छोटी चक्कियां पूरे देश में लगी हुई हैं जहाँ कि धान से चावल निकाला जाता है। हालांकि

उन को आप ने लाइसेंस नहीं दिया है लेकिन मेरी अपनी जानकारी में शायद ही कोई ऐसा गांव बचा होगा जहां कि वह चक्की नाजायज ढंग से चल न रही हो । पाण्डेय जी ने कहा कि इंस्पेक्टरों का पैसा बंधा हुआ है । जरूर पैसा बंधा हुआ होगा । लेकिन हमारे यहां यह सीजनल चीज है । एक बार चावल निकाल कर रख लेते हैं और साल भर काम लेते हैं । अब बड़े आदमी हमेशा अपनी बात करते हैं जैसे कि मिश्रा जी ने कह दिया कि यह एक बड़ा भारी क्रान्तिकारी क़दम है । वह बड़े किसान हैं और काफ़ी धान बेचने वाले होंगे लेकिन खेत मजदूर को भी मजदूरी में धान मिलता है और छोटे किसान के वहां भी उस के खाने लायक़ धान पैदा होता है । पेट्टदारी में भी लोग धान लेते हैं । गांव के हर घर के अन्दर आप को कम या ज्यादा धान मिलेगा । वह जो थोड़ा थोड़ा जिनके पास धान है वह उस से चावल निकाल कर रख लेते हैं और सारा साल उस को काम में लाना चाहते हैं । आप लाख कोशिश करें और पाबन्दी लगा दें कि किसी छोटे हलर को लाइसेंस नहीं मिलेगा लेकिन यह सब हलर मिलें चलेंगी और आप इन्हें चलने से रोक नहीं सकते हैं । वह चलेंगे और अभी भी चल रहे हैं । वह रात को चलेंगे, ट्रैक्टर से चलेंगे । 4–5 हार्स पावर शुरू से ही उस को लगानी पड़ती है । अब दरअसल जिस क़ानून को देश मानने के लिए तैयार न हो और इतने बड़े पैमाने पर तोड़ डाले और तोड़ता रह जाय, उस के लिए किसी भी अक़लमन्द सरकार को चाहिए कि उस क़ानून को इस तरीक़े का न बनाये जिसको कि लोग बड़े पैमाने पर तोड़ें । कानून इसलिए बनाया जाता है ताकि उस को तोड़ने वाले लोग कम हों । मंत्री जी से मैं एक सीधा सवाल करता हूं और मैं चाहता हूं कि वह अपनी जवाबी स्पीच में मेरी इस शंका का समाधान कर दें कि 90 फ़ीसदी अनाज, धान जो लोगों के अपने खाने के काम में आता है और उस का जो चावल वह निकालते हैं मंत्री जी के पास उस के लिए क्या तरकीब है जिससे कि वह लोग अपना थोड़ा सा पैसा देकर चावल निकाल कर अपने घर में रख लिया करें ? नम्बर 2 सवाल मेरा उन से यह है कि यह जो राइस मिल चल रही हैं इन में जो धान की खरीददारी होती है तो गेंहूं में और धान में एक जबरदस्त अन्तर है जिसको कि यह सरकार आज तक समझ नहीं पाई । धान और गेहूं में जैसा कि मैंने कहा एक जबरदस्त अन्तर है और जिसको कि अगर आप समझेंगे नहीं तो किसान के साथ आप न्याय नहीं कर पायेंगे । गेहूं में क्वालिटी के अन्दर इतना बड़ा फर्क नहीं होता है जितना चावल के अन्दर बड़ा फर्क हुआ करता है । एक चावल 100 रुपये क्विंटल बाजार में बिक रहा है जबकि दूसरा अर्थात् बासमती चावल 212 रुपये क्विंचल बिक रहा है । अब बासमती चावल 15000 टन की तादाद में हम विदेशों में भेज रहे हैं और वह वहां और भी ज्यादा क़ीमत में बिकेगा और उस को बेच कर बदले में ज्यादा तादाद में सस्ता चावल आप और वहां से ले सकते हैं । उस चावल के धान को सस्ते भाव खरीदा गया । बाजार में 70 रुपये क्विंटल बासमती का धान बिका और चावल बिक रहा है 212 रुपये क्विंटल । यह क्या कोई न्याय है ? खाने वाले को भी पूरा पैसा देना पड़ता है और पैदा करने वाले को उस का पूरा पैसा ठीक तरीके से नहीं मिला । मोटा चावल वह जो आप का तायचुंन 81 है वह 50 रुपये क्विंटल में बिका है और उस का चावल 100 रुपये क्विंटल में बिक रहा है । 70 किलो चावल निकलता है एक क्विंटल में । आप ने 50 किलो चावल दिया किसान को 50 रुपये में और उस से 50 रुपये में खरीद लिया आप ने एक क्विंटल धान । इस तरह आप के पास 20 किलो फ़ालतू चावल बच रहा । अब मैं यह जानना चाहता हूं कि जिस किसान ने अपनी पूरी शक्ति लगाने के बाद पूरी लागत लगाने के बाद टोटल बिक्री के दाम 50 रुपये लिये उसी धान को चावल निकालने वाला बेचेगा उस को काफ़ी अधिक दाम में और वह किसान से कहीं अधिक उस में मुनाफा कमायेगा। इसलिए यह धान के बिजनेस में बड़ी धांधली

[श्री महाराज सिंह भारती]

चल रही है तो उस को मिटाने के लिए वह क्या कदम उठाने जा रहे हैं ?

14.58 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

हलर्स जो हैं उन में बढ़िया चावल नहीं निकलता, यह सही है लेकिन जब हम अपना चावल निकाल लेते हैं और उस में जो भूसी बचती है उस भूसी को हमारे घरों की महिलाएं फिर सूप में इस तरह से उखाड़ पछाड़ कर कनकी निकाल लेती हैं जिसकी कि खिचड़ी बन जाती है बाकी जो भूसा बचता है वह जानवरों के काम में आ जाता है । 100 फ़ीसदी धान कंज्यूम कर लिया जाता है । आप के हिसाब से यह अनएकोनामिक होगा लेकिन मेरे हिसाब से तो वह एकदम एकोनामिक है । इस बिल के द्वारा जो बड़े पैमाने पर आप राइस मिलों के लिए परमिट्स देने जा रहे हैं उन से मुझे कोई विरोध नहीं है । ज्यादा से ज्यादा राइस मिल्स आप लगायें मैं उस का स्वागत ही करूंगा । लेकिन सरकार द्वारा कारखाने लगाने के बावजूद भी अगर किसान का बासमती 70 रुपये क्विंटल लिया गया और 212 रुपये क्विंटल के हिसाब से वह चावल उन के द्वारा बेचा गया और अगर इसी तरह से यह चावल के बारे में धांधली और लूट चलती रही जैसी कि अभी सरमायेदारों की चलती है तो फिर मुझे दोनों डाकुओं में कोई फर्क नहीं प्रतीत होगा । एक सरकारी डाकू होगा और एक प्राइवेट डाकू होगा और जिसके कि यहाँ डाका पड़ा उस का सत्यानाश हो गया । मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय इन बातों का ध्यान रखेंगे ।

15.00 hrs.

श्री तुलशीदास जाधव (बारामती) : इस राइस मिलिंग इंडस्ट्री (रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल पर बोलते हुए मुझे यह कहना है कि इस में यह विचार प्रकट किया गया है कि प्राइवट प्रापरटी के बजाय पर्सनल प्रापरटी की तरफ ज्यादा से ज्यादा देश का ख्याल होना चाहिए क्योंकि प्राइवेट प्रोपरटी के जो लोग हैं उन की तरफ से दूसरों को एक्सप्लायटेशन होता है जबकि पर्सनल प्रापरटी वाले लोगों की तरफ से दूसरों का एक्सप्लायटेशन नहीं होता है । वक्त नहीं है इसलिए इस बारे में और ज्यादा नहीं कह सकता हूं । थोड़े में यही कहना चाहिए कि पर्सनल प्रौपरटी से किसी का एक्सप्लायटेशन नहीं होता है और उस में एक लिमिट रखनी पड़ती है जबकि प्राइवेट प्रापरटी के साथ वह अनलिमिटेड होती है और फलस्वरूप उस में लोगों का एक्सप्लायटेशन होता है । यही दोनों में बेसिकली फर्क है । हमारे देश ने कबूल कर लिया है सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसायटी जिस के माने यह हैं कि कोई भी आदमी अपने पद से, अपने पैसे से या अपनी सत्ता से दूसरे का एक्सप्लायटेशन न करे । एक बार इस को एक्सेप्ट करने के बाद अगर कहीं ऐसा हो तो उस को समाप्त किया जाये यह गवर्नमेंट का काम है । मुश्किल यह है कि डिक्टेटरशिप आफ दि प्रोलेटरियट के देशों में तो यह हुक्म से किया जा सकता है, जिस को एकाधिकार कहते हैं, लेकिन डेमोक्रेसी के देशों में लोगों को समझा बुझा कर और उन को साथ ले कर इस को करना होता है । सत्ता लोगों के ओठों पर या मतदान के ऊपर होती है । इसलिये लोगों को समझा बुझा कर साथ ले जाना पड़ता है, और उस से अच्छी फिजा पैदा होती है । यह बेसिक फर्क है । इस को देश के अन्दर करना तो है लेकिन सब से बड़ा प्रयोग यह है कि स को लोकशाही के साथ करना है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Member may continue on the next occasion.

We will now take up Private Members' Business.